नया इंडिया भीलवाड़ा

मौसम रपट/पूर्वानुमान

| | न्यूनतम | अधिकतम | सार संक्षेप |
|---|---|---|---|
| 20-जनवरी | 09.0 | 25.0 | आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। |
| 21-जनवरी | 10.0 | 27.0 | आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। |

समाचार : शहर संभाग

## गांव-गांव सम्पर्क कर किया राम मंदिर निर्माण निधि का संग्रहण

**आकोला।** कस्बे सहित असापास के गांवों में राम मंदिर निर्माण के लिए निधि संग्रहण अभियान के तहत गांव-गांव सम्पर्क किया गया। श्री राम मंदिर निर्माण में अपनी तरफ से सहयोग प्रदान करें व एकजुट होकर के श्री राम मंदिर निर्माण के लिए संपर्क अभियान चलाये। संपर्क अभियान में खंड संघचालक रामेश्वर सोनी खंड कार्यवाह मनोज सेन चांद डाड, सत्यनारायण सुथार, कन्हैया लाल प्रजापत, मुकेश श्रोत्रिय ,जसराज पारीक घनश्याम भुवालिया आदि कार्यकर्ताओं ने सहयोग प्रदान किया।

## बालिकाओं को वितरित की कड़ाई, गुड-चना, बताये फायदे

**भीलवाड़ा।** भारत विकास परिषद के महिला एवम बाल विकास प्रकल्प के अंतर्गत आयोजित राष्ट्रीय बालिका सप्ताह का दूसरे दिन का कार्यक्रम उड़ान कार्यक्रम सफलता पूर्वक आयोजित किया गया । कार्यक्रम मे प्रान्तीय महिला प्रमुख गुणमाला अग्रवाल मुख्य अतिथि थे , साथ मे परिषद महिला प्रमुख ललिता बोहरा कार्यक्रम प्रभारी कृष्णा लढ़ा ने द्दीप प्रज्ज्वलन करके व वन्देमातरम गान के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई । कार्यक्रम कार्यक्रम प्रभारी कृष्णा लढ़ा ने बताया कि परिषद भवन पर 10 से 18 साल तक की 27 बालिकाओ को गुड़ चना , व तिल कुट्टा व लोहे की कढ़ाई दी गई व सभी बालिकाओं को जानकारी दी गई। कड़ाई व दी गई सामग्री के फायदे बताए गए । सात दिवसीय उ?ान कार्यक्रम के तहत कार्यक्रम प्रभारी सरोज पोद्दार भाभी व अनु हिम्मतरामका ने बताया कि मंगलवार को परिषद भवन पर बालिकाओं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा ।

## शहीद हेमू कालानी की पुण्यतिथि कल

**भीलवाड़ा।** देश की आजादी के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले अमर शहीद हेमू कालाणी की पुण्य तिथि 21 जनवरी को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सिन्दु नगर स्थित हेमू कालाणी सर्किल पर मनाई जायेगी। संस्था अध्यक्ष दयाराम मेठानी ने बताया कि 21 जनवरी को प्रातः 11 बजे उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजली अर्पित की जायेगी। कोरोना महामारी को देखते हुए पूर्ण सुरक्षा की व्यवस्था की गई है। मास्क व सोशल डिस्टेंस की पूरी पालना करते हुए ही पुष्पांजली कार्यक्रम होगा।

# पालिका चुनाव : नामवापसी के बाद 84 प्रत्याशी रहे मैदान में

वार्डों में शुरू हुआ प्रचार-प्रसार।



**आसींद ■ संवाद सूत्र**
नगर निकाय नगर पालिका चुनाव के नामांकन वापस लेने की आज अंतिम तिथि होने के साथ ही उपखंड कार्यालय आसींद पर निर्दलीय प्रत्याशियों ने अपने नामांकन अपनी अपनी पार्टी के समर्थन में वापस लिए जानकारी के अनुसार कांग्रेस एवं बीजेपी को समर्थन देते हुए निर्दलीय प्रत्याशियों ने अपने नामांकन वापस लिए वही दोनों पार्टियों के आला नेताओं के द्वारा निर्दलीय प्रत्याशियों की मान मनुहार की गई ।

वहीं जहां नगर पालिका चुनाव आसींद के लिए कुल 99 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें से 15 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन वापस लिए हैं एवं 84 प्रत्याशी अभी भी चुनावी मैदान में डटे हुए हैं अगली प्रक्रिया में प्रत्याशियों को चिन्ह आवंटित किए जाएंगे उसके बाद से ही प्रत्याशी अपने-अपने वार्डों में जाकर वोट मांगते हुए नजर आएंगे जहां नगर पालिका आसींद का चुनाव 28 जनवरी को होना तय है एवं जिस की मतगणना 31 जनवरी को होगी दोनों पार्टियों के आला नेताओं की धड़कनें बढ़ी हुई है निर्दलीय प्रत्याशी समीकरण बिगाड़ सकते हैं ।

वहीं वार्ड संख्या 16 से कल्पित श्रीमाल ने कांग्रेस के समर्थन में नाम वापस लिया वार्ड संख्या 9 से धापू देवी कटिंग में कांग्रेस के समर्थन में नाम वापस लिया वार्ड संख्या 16 से पन्ना लाल माली ने कांग्रेस के समर्थन में एवं विकास वैष्णव ने भी वार्ड संख्या 16 से कांग्रेस के समर्थन में नाम वापस लिया वार्ड संख्या 19 से संदीप सेन ने कांग्रेस के समर्थन में नाम वापस लिया वहीं भारतीय जनता पार्टी के वार्ड संख्या 16 से राजेंद्र सिंह ने भाजपा के समर्थन में नाम वापस लिया वही प्रत्याशियों के नाम वापसी के बाद से ही दोनों पार्टियों के नेताओं के द्वारा नाम वापस लेने वाले उम्मीदवारों का माला पहना कर स्वागत किया गया ।

## वस्त्र उद्योग के बढ़ावे के लिए मिलना चाहिए सत्ता लोन, बिजली और रूका हुआ अनुदान

औद्योगिक संगठनों ने जिला स्तरीय औद्योगिक सलाहकार समिति की बैठक में दिये सुझाव।

**भीलवाड़ा ■ संवाद सूत्र**
वस्त्र उद्योग को केन्द्र एवं राज्य सरकार के साथ बैंकर्स का सकारात्मक सहयोग मिलता है तो भीलवाड़ा कॉटन सूटिंग्स में अहमदाबाद के समकक्ष उत्पादन के स्तर पर आकर इस क्षेत्र में अपनी पहचान बनाएगा। भीलवाड़ा में रोजगार के नए अवसर उपलब्ध होंगे। अगले एक वर्ष में 1000 करोड़ रुपए से 1500 करोड़ रुपए का नया निवेश आयेगा। लगभग 5000 लोगों को नये रोजगार के अवसर प्रदान होंगे। यह सुझाव भीलवाड़ा टेक्सटाइल ट्रेड फेडरेशन के कार्यकारी अध्यक्ष अतुल शर्मा ने जिला स्तरीय औद्योंगिक सलाहकार समिति की बैठक में जिला प्रशासन को दिए। कलेक्ट्रेट में अतिरिक्त जिला कलेक्टर राकेश कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई। मेवाड़ चैंबर के महासचिव आरके जैन, सिंथेटिक वीविंग मिल्स एसोसिएशन के महासचिव साबिर खान, लघु उद्योग भारती के केके जिंदल ने भी अपने सुझाव दिए। जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक विपुल जानी सहित अन्य अधिकारी बैठक में उपस्थित थे। केन्द्र सरकार की योजना आर.टफ. एवं आर.आर.टफ में मिलते हुए ब्याज अनुदान को जे.आई.टी. की शर्त लगाकर बीच में रोक दिया गया। इस योजना का लाभ बीच में रुकने एवं जे.आई.टी. का समय पर नहीं होने के कारण आर्थिक संकट गहराया है। क्षेत्र में कार्यशील पूंजी की प्रचुर मात्रा में आवश्यकता पड़ती है। बैंकर्स भी ऋण की ब्याज दरों को रिजर्व बैंक की योजनाओं एवं रेपो रेट से जोडक़र इसका लाभ वर्तमान समय में भीलवाड़ा के वस्त्र उत्पादकों को दें तो नया निवेश आएगा। राजस्थान में औद्योगिक बिजली की दर सबसे ज्यादा है।

## राष्ट्रीय बालिका दिवस पर होंगे रेडियो, टीवी एवं वर्चुअल कार्यक्रम

**भीलवाड़ा।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के आदेशानुसार 24 जनवरी 2021 राष्ट्रीय बालिका दिवस के से पूर्व रेडियों ,टी.वी एवं वर्चुअल कार्यक्रम आयोजित किए जाएगें । प्राधिकरण के सचिव राजीव चौधरी (अपर जिला न्यायाधीश) ने बताया कि 18 से 24 जनवरी तक रोजाना सांय 5 से 5.30 बजे तक ऑल इण्डिया रेडियों प्रसारण 'उडान' कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिसमें बालिकाओं के अधिकार, बालिकाओं के लिए विशेष जन कल्याणकारी योजनाएं, बालिकाओं के अनुभव और सफलतम की कहानी उनकी जुबानी कार्यक्रम का रेडियों पर प्रसारण किया जाएगा । दिनांक 24 जनवरी को समय 5 से 5.30 बजे तक टीवी पर टॉक शॉ '21वीं सदी में बालिकाओं के समक्ष अवसर और चुनौतियां' कार्यक्रम एवं समय 11 से 12:30 बजे राज्य स्तरीय वर्चुअल कार्यक्रम आयोजित किए जाएगें ।

### फटाफट

## कोविड-टीकाकरण के तहत स्वास्थ्य कर्मियों को लगाये टीके



**आसीन्द।** कोविड-19 के टीकाकरण अभियान के तहत स्वास्थ्य कर्मियों के कोविड-19 के टीके मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मुस्ताक खान की मौजूदगी में लगाये गये। कोविड-19 के टीकाकरण अभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आसींद के पास बने टीकाकरण सेंटर में स्वास्थ्य कर्मियों आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एएनएम को कोविड-19 के टीके लगाए गए वही पुलिस प्रशासन भी रहा पूरी तरह मुस्तैद टीकाकरण सेंटर में कोविड-19 प्रतीक्षा कक्ष कोविड-19 निगरानी कक्ष एवं कोविड-19 टीकाकरण कक्ष बनाए गए हैं जिसमें टीका लगने वाले स्वास्थ्य कर्मी को अपने आधार कार्ड से वेरीफाई करवा कर टीका लगाया जा रहा है। आसींद कस्बे में टीकाकरण अभियान 5 दिन चलेगा प्रतिदिन कोविड-19 के 100 टीके लगाए जाएंगे वही टीको की संख्या 485 बताई गई है भीलवाड़ा से आए हुए मुख्य ब्लॉक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मुस्ताक खान ने टीकाकरण सेंटर का जायजा लिया एवं लाभार्थियों से उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली साथ ही टीकाकरण केंद्र की उपखंड अधिकारी छोटू लाल शर्मा ने भी मौका मुआयना कर जानकारी ली। इस अवसर पर मुख्य ब्लॉक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मुस्ताक खान , आरसीएचओ के के सेन, ब्लॉक सीएमएचओ डॉ प्रीतम गुप्ता आसींद चिकित्सा प्रभारी विजय गोयल कोरोना प्रभारी हिमांशु लंबोरा वहीं स्वास्थ्य कर्मियों में विजय पाल सिंह राठौड़ अखिलेश वैष्णव बीपीएम जाकिर हुसैन विजय छिपा मौजूद थे।

## विषाक्त सेवन से दो की मौत

**भीलवाड़ा।** जिले में अलग-अलग स्थानों पर दो व्यक्तियों ने जहर खाकर जान देने का प्रयास किया। पुलिस के अनुसार कारोई थाना क्षेत्र में मुजरास टोल नाके के ऑफिस में गुरला निवासी राजेश कुमार पुत्र फतेहसिंह ठाकुर और बिजौलियां थाना क्षेत्र के आरोली ग्राम में चौथमल पुत्र दुर्गाशंकर ढोली ने अज्ञात कारणों से परेशान होकर जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया। दोनों को हालत बिगडऩे पर उपचार के लिए महात्मा गांधी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

आसपास : गांव-देहात

## दिव्यांग सांवर को कवि सम्मेलन में मिला संबल

डेढ़ लाख का प्राप्त हुआ आर्थिक सहयोग।

**भीलवाड़ा ■ संवाद सूत्र**
नशा मुक्त भारत आंदोलन के तत्वाधान में श्री श्री 1008 श्री खाकरा वाले देवता सांगानेर के भक्त गणों द्वारा कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें दाता कला मांडल के एक परिवार जिसमें मां की आंखों की रोशनी नहीं है आठवीं पढऩे के बाद बेटे की भी आंखों की रोशनी चली गई और उसके जो बेटा हुआ उसको भी दिखाई नहीं देता है। उसकी मदद के लिए एक कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। संयोजक नारायण लाल भदाला ने बताया कि कवि सम्मेलन मैं मंच संचालन हास्य रस कवि दीपक पारीक ने किया। कवि सोहन चौधरी ने फौजी पर राजस्थानी भाषा में कविता सुनाई जिससे श्रोताओं को देश भक्ति के प्रति भावना जगी कवि मनोज गुर्जर मावली ने अपनी कविता के माध्यम से सबको खूब हंसाया कवि कमलेश केकड़ी ने पार्षद पर व्यंग्यकार रचना सुनाई। कवित्री ध्वनि आमेटा ने मां सरस्वती की आराधना की जानकारी देते हुए खाकरा वाले देवता के पुजारी श्यामलाल तेली ने बताया जो निराश्रित है जिनको को मदद की जरूरत है ऐसे लोगों की मदद करने से ईश्वर हमेशा खुश रहते हैं। एक घंटे में कवि सम्मेलन में 1 लाख 43 हजार 561रुपयो की मदद इकठी हुई।

## कोरोना बचाव के लिए चिकित्साकर्मियों को लगे टीके

**बागोर।** जिले में कोविड टीकाकरण की विधिवत शुरुआत के बाद के बाद उपखण्ड माण्डल पर प्रतिदिन सो-सो लोगों को कोविड-19 का पहला टीका लगाया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागोर में भी कोविड-19 के टीके का टीकाकरण शुरू हुआ। जिसमें सीएमएचओ डॉ. मुस्ताक खान की मौजूदगी में मेलनर्स प्रथम गोपी कृष्ण शर्मा को पहला टीका टीकाकरण के कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की गई। इस अवसर पर माण्डल ब्लॉक चिकित्साधिकारी डॉक्टर रामलाल चौधरी भी मौजूद रहे। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागोर के चिकित्साधिकारी डॉक्टर रामस्वरूप उज्जैनिया ने बताया कि सीएचसी स्तर पर चिकित्सा कर्मियों के साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा सहयोगिनी , स्वास्थ्य मित्र सहित कुल 196 व्यक्तियों को कोविड -19 के टीके लगने हैं। सीएचसी प्रभारी डॉक्टर उज्जैनिया ने बताया की मंगलवार को उनके स्वयं के साथ ही डॉक्टर आकांशा शर्मा को भी कोविड-19 का टीका लगाया गया जबकि डॉक्टर राहुल मीणा व डॉक्टर कृष्ण कुमार बिजारणिया सहित अन्य शेष रहे स्टाफ के बुधवार को टिके लगाए जाएंगे। इसी तरह जहाजपुर उपखंड मुख्यालय पर स्थित राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय केंद्र पर मंगलवार को खुशियों का डोज लगना शुरू हो गया।

## गलन और कोहरे ने बढ़ाई सर्दी, रेंग-रेंग कर चले वाहन

**भीलवाड़ा ■ संवाद सूत्र**
पहाड़ी इलाके जम्मू-कश्मीर, हिमाचल से आ रही सर्द हवाओं ने एक बार फिर भीलवाड़ा सहित प्रदेश में सर्दी बढ़ा दी है। सोमवार रात भी गलन पुनः बढ़ गई। मंगलवार सुबह चल रही सर्द हवाओं से लोग ठिठुरने लगे। आसमान में सुबह कोहरा भी छाया रहा। भीलवाड़ा में अधिकतम तापमान 26.9 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम 8.8 डिग्री सेल्सियस रहा। काछोला कस्बे में घने कोहरे के कारण 10 मीटर दूर तक भी स्पष्ट दिखाई नहीं दे रहा था। शाहपुरा कस्बा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में भी कोहरा



छाया रहा। गलन भी बढ़ गई। सर्दी बढऩे से जनजीवन भी प्रभावित रहा। गेंदलिया क्षेत्र में कोहरे से जनजीवन प्रभावित हो रहा है लोग रजाई में दुबके नजर आए और अलाव का सहारा लेते नजर आए ।यही नही पशु-पक्षी भी अपने घोसलों में दुबके नजर आए । कोहरे से पेड़-पौधे सहित टिन शेड से पानी टपक रहा है कोहरे से वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है वाहनों की हेड लाइट चलाकर सडक़ मार्ग पर चला जा रहा है दस फिट दूरी पर भी दिखाई तक नही दे रहा है लोग रजाई से बाहर नही निकले उससे पहले ही कोहरे ने अपनी आगोश में लेलिया हैकोहरे से अंधेरा छा जाने से ग्रामीणों, राहगीरों को पैदल चलने वालों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सवाईपुर कस्बे सहित सोपुरा, सालरिया, ढ़ेलाणा, बड़ला, बनकाखेड़ा, ककरोलिया माफी, लसाडय़ा, चावंडिया आदि गांवों में आज सुबह एक बार फिर घना कोहरा छा हुआ है। कोहरे के साथ ही एक बार फिर सर्दी के तीखे तेवरों ने लोगों की धुजणी छुड़ा दी है। कोहरे की आगोश में गाव कस्बे सभी समाये हुए हैं। वही सुबह से ही कस्बे सहित आसपास के क्षेत्रों में घना कोहरा छाया रहा। इसके चलते जनजीवन प्रभावित हुआ है। 50-60 फीट की की दूरी भी स्पष्ट दिखाई नही दे रही। वाहन चालक हेडलाइट जलाकर हाईवे से गुजर रहे। ग्रामीण अलाव जलाकर सर्दी से निजात पाते नजर आये। सुबह से ही चाय की थडय़ों व गर्म व्यंजनों की दुकानों पर लोगों की भीड़ रही।

### सुर्खियां

## एक साल से फरार बिजली चोरी के आरोपी को भेजा जेल

**अजमेर ।** अजमेर विद्युत वितरण निगम ने बिजली चोरों के खिलाफ सख्त रवैया अपनाते हुए लंबे समय से लंबित प्रकरणों में कार्रवाई शुरू की है। डिस्कॉम की विद्युत चोरी निरोधक शाखा ने झुंझुनूं में एक साल से फरार 2 बिजली चोरों को गिरफ्तार किया है। उन्हें न्यायालय एडीजे कोर्ट-प्रथम, झुंझुनू में पेश कर उन्हें जेल में भेज दिया गया है। अविविनिलि के प्रबंध निदेशक वी.एस.भाटी ने बताया कि कुछ बिजली चोर पिछले एक वर्ष से अधिक समय से फरार थे। इन बिजली चोरो की गिरफ्तारी के लिए डिस्कॉम ने उप अधीक्षक पुलिस (सतर्कता) अजमेर सुश्री प्रियंका कुमावत के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया। टीम ने अपने काम को बेहतरी से अंजाम देते हुए मु. न. 85/19 धारा 135 विद्युत अधिनियम ,2003 में आरोपी हरिराम पुत्र श्री गाडाराम निवासी सीथल, पुलिस थाना गुढ़ा गौड़जी जिला झुंझुनू के द्वारा विद्युत चोरी करने पर जुर्माना राशि 305815/- व मु.न. 227/19 धारा 135 विद्युत अधिनियम, 2003 में आरोपी मो. लतीफ पुत्र श्री मो.छोटू निवासी तेजपुरवा , पुलिस थाना मुकुंदगढ़ जिला झुंझुनू द्वारा विद्युत चोरी करने पर जुर्माना राशि 2,03,564/- को गिरफ्तार कर न्यायालय एडीजे कोर्ट-प्रथम, झुंझुनूं में पेश कर दोनों आरोपियों को जेल भिजवा दिया गया है। ये दोनों आरोपी पिछले एक वर्ष से अधिक समय से फरार थे।

## पूर्व सिंचाई मंत्री रामप्रसाद लढ़ा की मनाई पुण्यतिथि

**भीलवाड़ा।** पूर्व सिंचाई मंत्री स्वः रामप्रसाद लढ़ा को उनकी पुण्यतिथि पर मंगलवार को कांग्रेसजनों ने याद किया। जिला कांग्रेस महासचिव महेश सोनी ने बताया की कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन में जिलाध्यक्ष रामपाल शर्मा की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में महिला कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष मधु जाजू, पूर्व प्रधान भंवर गर्ग, जाकिर हुसैन, मेवाराम खोईवाल, भगत प्रजापत सहित कई पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने बारी-बारी से उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उनके आदर्शो को जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया।

## शिवानी ने चुनौतियों को हराकर छूआ बुलंदियों को

**भीलवाड़ा।** अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद ओजस्विनी की चितौड़ प्रान्त की अध्यक्ष कैलाशी शिवानी ने चुनोतियो को हराकर बुलंदिया छूने की जिद पूरी की। शिवानी हाल ही में चादर ट्रेक पार कर लौटी है। -25 तापमान में 55 किलोमीटर सफर कर शिवानी ने 5 दिन में पूरा किया। चादर ट्रेक लदाख के जास्कर घाटी में सर्दियों के दौरान की जाने वाली दुर्गम ट्रेक है। जो कि जम्मू कश्मीर में है। जास्कर घाटी में चटानो की ऊँचाई 600 मीटर तक है। शिवानी पहले भी दुर्गम यात्रा कैलाश मानसरोवर, श्रीखण्ड कैलाश, मणि महेश, आदि कैलाश, किन्नौर कैलाश कर चुकी है। शिवानी राजस्थान की सबसे कम उम्र की पंच कैलाशी भी है।

## एनएसयूआई करेड़ा कार्यकारिणी गठित

**भीलवाड़ा।** जिले के करेड़ा के एक निजी रिसोर्ट के एनएसयूआई की मीटिंग आयोजित हुई जिसके मुख्य अतिथी मांडल विधायक रामलाल जाट थे। जिसमें एनएसयूआई संगठन को मजबूती प्रदान करने के निर्देश दिए इस मौके पर प्रदेश सचिव भावेश पुरोहित व प्रकाश गुर्जर, देवेन्द्र जोशी, मनोहर सिंह रावत ने मांडल विधायक व एनएसयूआई कार्यकरिणी का स्वागत किया।

### समाचार-आसपास

## रक्षा मंत्री ने डीटीओ राठौड़ को नवाजा राष्ट्रीय सडक़ सुरक्षा पुरस्कार से



**भीलवाड़ा।** सडक़ सुरक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य करने के लिए जिला परिवहन अधिकारी डॉ.वीरेंद्र सिंह राठौड़ को केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राष्ट्रीय सडक़ सुरक्षा पुरस्कार से नई दिल्ली में सम्मानित किया। पूरे देश में गोल्ड मेडल पुरस्कार पंजाब, राजस्थान, महाराष्ट्र के व्यक्तियों को मिला है जिसमें राजस्थान से गोल्ड मेडल पाने वाले डॉ. वीरेन्द्र सिंह अकेले हैं। उन्हें 5 लाख रुपये नकद एवं गोल्ड मेडल प्रदान किया गया। इससे न केवल भीलवाड़ा वरन राजस्थान का मान पूरे देश में बढ़ा है। समारोह में केंद्रीय सडक़ एवं परिवहन राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और केन्द्रीय राज्य मंत्री रिटायर्ड जनरल वीके सिंह, एनएचएआई के चेयरमैन, नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अभिताभ कांत भी बतौर अतिथि उपस्थित थे। अजमेर जिले की मसूदा विधानसभा क्षेत्र के सिंगावल गांव के रहने वाले डीटीओ राठौड़ सडक़ सुरक्षा पर पिछले 20 वर्षों से समर्पण भाव से कार्य कर रहे हैं। वे सडक़ सुरक्षा कानून विषय पर पीएचडी करने वाले देश के पहले व्यक्ति है। राठौड़ तीन साल तक भारत सरकार में सडक़ सुरक्षा एवं प्रवर्तन के तकनीकी सलाहकार रह चुके हैं। वे एक्सीडेंट इन्वेस्टीगेटर, इन्टेलिजेन्ट ट्रांसपोर्ट सिस्टम एवं रोड सेफ्टी ऑडिटर का विदेशों से प्रशिक्षण ले चुके हैं। डॉ. राठौड़ के प्रेरणा स्त्रोत उनके ससुर गुरुजी अमर सिंह चौहान हैं। राठौड के मार्गदर्शन में राज्य में दो परियोजना राजस्थान सडक़ सुरक्षा शिक्षा एवं जागृति मिशन तथा हेलेमट प्रोत्साहन, शिक्षा, जागरूकता एवं अनिवार्यता अभियान दोनों से अब तक 8.30 लाख लोगों को सडक़ सुरक्षा के प्रति जागरूक कर चुके हैं।

## महाराणा प्रताप को हिन्दू महासभा ने किया याद

**भीलवाड़ा।** अखिल भारत हिंदू महासभा ने वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि पर मंगलवार सुबह कार्यालय पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जलित कर उन्हें याद किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ सदस्य राधेश्याम लाहोटी, कन्हैया लाल सूबेदार(पुर), जगदीश लाहोटी, बृजमोहन जागेटिया ने की। सभी ने महाराणा प्रताप के जीवन पर प्रकाश डाला और पुष्प अर्पित कर उनका गुणगान किया सभी ने एक स्वर में ओ पवनवेग के उडऩे वाले घोड़े गीत गाकर कार्यक्रम को ऊंचाईया प्रदान की। इस मौके पर जिलाध्यक्ष राजेश कसारा (लादू), गोविंद सिंह शक्तावत, शहर अध्यक्ष चंद्र भान सिंह, जिला मंत्री अंकुश जायसवाल, संगठन मंत्री राहुल सांखला, उपाध्यक्ष प्रकाश धोबी, अमरेश कसारा, यशोवर्धन सेन, भानु बैरवा, अरुण चोटिया, युवा अध्यक्ष लक्ष्मण कसारा, अर्जुन कसारा एवं अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद थे कार्यक्रम के समापन पर पूर्व अध्यक्ष गोपाल सोनी ने सभी का आभार जताया ।

**सूचनार्थ**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण, राजस्थान सरकार के पत्र क्रमांक F 1(4)/SEIAA/SEAC-Raj./Sectt/Project/Cat.1(a)B2/File No./(17014)/2019-20 Jaipur Dated 06.10.2020 के द्वारा श्री विजय कुमार सोनी, निवासी ग्राम घण्टाघर, तहसील केकडी, जिला अजमेर (राज.) को निकट ग्राम पिपलुन्द, तहसील जहाजपुर, जिला भीलवाड़ा (राज.) में स्थित खनन पट्टा संख्या 18/2004 क्षेत्रफल 4.00 हैक्टयर वास्ते खनिज क्वार्टज & फेल्सफार खनन के लिये पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। उपरोक्त स्वीकृति पत्र की प्रति SEIAA एवं राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल कार्यालय में जन साधारण के लिये उपलब्ध है।

**विजय कुमार सोनी**

**सूचनार्थ**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण, राजस्थान सरकार के पत्र क्रमांक F 1(4)/SEIAA/SEAC-Raj./Sectt/Project/Cat.1(a)B2(18263)/2019-20 Jaipur Dated 23.12.2020 के द्वारा मैसर्स बागमाता ग्रेनाईट श्री अनिल कुमार मेहता (पाटर्नर), निवासी कृष्णा कॉम्पलेक्स, वार्ड नं.-10, करेड़ा, तहसील करेडा, जिला भीलवाड़ा (राज.) को निकट ग्राम गोवर्धनपुरा, तहसील करेडा, जिला भीलवाड़ा (राज.) में स्थित खनन पट्टा संख्या 52/2018 क्षेत्रफल 2.9987 हैक्टयर वास्ते खनिज ग्रेनाईट खनन के लिये पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। उपरोक्त स्वीकृति पत्र की प्रति SEIAA एवं राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल कार्यालय में जनसाधारण के लिये उपलब्ध है।

**मैसर्स बागमाता ग्रेनाईट**

**टाइटन बायोटेक लिमिटेड**
CIN: L74999RJ1992PLC013387
पंजी. कार्यालयः ए-902ए, रीको इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-III, भिवाड़ी-301019
फोनः 011-27674615
ई-मेलः cs@titanbiotechltd.com/ hrd@titanbiotechltd.com
वेबसाईट : www.titanbiotechltd.com

**बोर्ड मीटिंग के लिए सूचना**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कम्पनी के निदेशक मंडल की एक बैठक **बुधवार, 27 जनवरी, 2021 को 903-909, 9वीं मंजिल, बिगजोस टॉवर, नेताजी सुभाष प्लेस, दिल्ली 110034** में आयोजित की जाएगी जिसमें, **31 दिसंबर, 2020** को समाप्त तिमाही के लिए कम्पनी के अनंकेक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार किए जाएंगे।
इसके अलावा, **01.01.2021 से 29.01.2021** तक पदनामित सदस्यों के लिए कंपनी की ट्रेडिंग विंडो बंद रहेगी।

कृते टाइटन बायोटेक लिमिटेड
हस्ता/-
चरनजीत सिंह
(कंपनी सचिव)

स्थान : दिल्ली
दिनांक : 18/01/2021